सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 329 | इंदौर, मंगलवार 11 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# किसानों को सोलर एनर्जी पंप पर मिल सकती है छूट

## 89 दिन बाद डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट बैठक, दो दर्जन प्रस्तावों पर होगी चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक 89 दिन बाद आज होने वाली है। इसमें सोलर एनर्जी पंप लगाने पर किसानों को छूट देने का प्रस्ताव लाया जाएगा। किसानों के हक में ये बड़ा फैसला होगा। इस प्रस्ताव को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर कैबिनेट में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव के माध्यम से ब्रीफ करेंगे। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद किसानों के हित में ही पहला निर्णय लिया है।



मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट बैठक में दो दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा होना है। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक इंटीग्रेटेड हेल्थ प्लान, कृषि के बिजली कनेक्शन के लिए नई सब्सिडी योजना और मोहासा-बाबई इंडस्ट्रियल एरिया को लेकर एक प्रस्ताव पर सहमति देने जैसे मुद्दे होंगे। बैठक में नगरीय प्रशासन, जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, पीएचई सहित कई विभागों के प्रस्तावों पर सहमति दी जा सकती है। प्री -मानसून कामों को भी स्वीकृति दी जा सकती है।

कैबिनेट बैठक के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव मंत्रियों के साथ अनौपचारिक बैठक भी करेंगे। इसके अलावा मंत्रालय में एक अन्य बैठक सरकार की आगामी कार्ययोजना को लेकर होगी, जिसमें मंत्री और अधिकारी शामिल होंगे। मंत्रालय में एक बैठक राजस्व विभाग से संबंधित भी होने वाली है।

### वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक भी होगी

मंत्रालय में दोपहर 1 बजे मध्यप्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक भी होगी, जिसमें प्रदेश के वन अभ्यारण्य और वन महकमे से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बोर्ड के अध्यक्ष सीएम डॉ. मोहन यादव हैं। बैठक में केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा।

# वर्कशॉप में आग : चार दमकल मौके पर मौजूद

## एक दर्जन से ज्यादा कारों को नुकसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में कार के शोरूम सांघी मोटर्स के वर्कशॉप में सोमवार देर रात आग लग गई। आग को बुझाने का काम मंगलवार सुबह तक जारी रहा। जानकारी के मुताबिक दमकल की चार गाड़ियां मौके पर लगाई गई। जिसमें कई टैंकर पानी डालकर आग पर काबू करने की कोशिश की गई। हादसे में सर्विसिंग पर आई एक दर्जन से ज्यादा कारों को नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड एसआई सुशील दुबे के मुताबिक आग सोमवार देर लगी।



रात 1 बजकर 9 मिनट पर फायर कंट्रोल को सूचना मिली थी कि सांघी मोटर्स के वर्कशॉप में धुआं उठ रहा है। जब मौके पर पहुंचे तो आग विकराल हो चुकी थी। अंदर कई गाड़ियां और कबाड़ का सामान रखा हुआ था। जिसमें आग की लपटें ज्यादा फैली हुई थी।

फायर ब्रिगेड अफसरों के मुताबिक अंदर ऑइल ओर पेट्रोल होने के चलते आग बेकाबू हो गई। देर रात पहले यहां दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई थी। लेकिन आग की स्थिति देखते हुए दो और गाड़ियां तैनात की गई। मंगलवार सुबह तक यहां से धुआं निकल रहा है।

# ससुराल में शौचालय नहीं, पत्नी ने छोड़ा पति का घर

## टॉयलेट एक प्रेम कथा फिल्म देखकर लिया फैसला, कहा-बहुत शर्मिंदगी होती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा**। करीब 7 साल पहले अभिनेता अक्षय कुमार की एक फिल्म आई थी- ह्यटॉयलेट एक प्रेमकथाह्ल। इस फिल्म में नायिका पति के घर में टॉयलेट नहीं होने पर अपने मायके चली जाती है। ठीक इसी तर्ज पर रीवा में ससुराल में शौचालय नहीं होने से नाराज एक महिला अपने पति का घर छोड़कर मायके चली गई है। महिला ने मोबाइल पर ह्यटॉयलेट एक प्रेमकथाह्ल फिल्म देखी। उसके बाद घर छोड़ने का फैसला लिया। पति अब पुलिस के पास पहुंचा है। उसने पत्नी को वापस अपने घर बुलवाने की गुहार लगाई है।

**4 साल पहले हुई थी दोनों की शादी-** मामला रीवा के त्योंथर तहसील के आमव गांव का है। यहां के प्रदीप मिश्रा और रोशनी की शादी 4 साल पहले हुई थी। दो महीने पहले रोशनी घर छोड़कर मायके चली गई। कई बार बुलाने पर भी वह ससुराल आने को तैयार नहीं है। उसका कहना है कि जब तक ससुराल में शौचालय नहीं बनेगा। तब तक वह लौटकर नहीं आएगी।

**पति बोला- शौचालय नहीं होने से होता था विवाद-** पति प्रदीप मिश्रा ने चाकघाट थाना पहुंचकर फरियाद लगाई है। उसका कहना है- ह्यमैं इंदौर में 10 हजार रुपए की प्राइवेट नौकरी करता हूं। ऐसे में इतने पैसों में घर खर्च के साथ शौचालय बनवाना टेढ़ी खीर है। अक्सर पत्नी से इस बात को लेकर विवाद होता था कि घर में शौचालय नहीं है। वो घर छोड़कर जाने को बोलती थी। जिसे मैं गंभीरता से नहीं लेता था। एक दिन वो सच में चली गई।प्रदीप ने बताया कि उसने शौचालय बनवाने के लिए 6 महीने पहले आवेदन भी लगाया है। पत्नी के घर छोड़कर जाने के बाद पति उसे वापस बुलवाने की फरियाद लेकर चाक घाट थाने पहुंचा।

**मूवी देखकर ससुराल छोड़ने का लिया निर्णय-** प्रदीप की पत्नी रोशनी मिश्रा का कहना है कि शौचालय ना होने की वजह से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। अगर कभी दिन में शौच के लिए जाना हो तो अंधेरा होने का इंतजार करना पड़ता है। एक दिन मोबाइल में रील देख रही थी। तभी टॉयलेट एक प्रेम कथा मूवी से जुड़ी हुई एक रील देखने को मिली। जिसके बाद पूरी मूवी देखी। मूवी बेहद पसंद आई। रोशनी का कहना है कि मूवी देखने वाले दिन ही फैसला कर लिया कि जब तक ससुराल में शौचालय नहीं बन जाता। तब तक यहां नहीं रहूंगी।

**पुलिस ने कहा- हम तो केवल समझाइश दे सकते हैं-** पुलिस का कहना है कि ये पति-पत्नी का निजी मामला है। इस मामले में दोनों को समझाइश दी जा सकती है। योजनाओं के तहत शौचालय बनवाना पंचायत का काम है।

# बारात की गाड़ियों को रोककर नकाबपोश हमलावरों ने की मारपीट, दूल्हे सहित महिला-बच्चों को भी नहीं बख्शा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन**। मध्यप्रदेश में खरगोन जिले के महेश्वर थाना अंतर्गत बरातियों के साथ हुई सनसनीखेज वारदात का मामला सामने आया है। यहां दूल्हे संग बारात लेकर पहुंचे वाहनों पर अज्ञात हमलावरों ने लाठी और डंडों से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले बारात की गाड़ियों में से दूल्हे को गाड़ी से बाहर निकाल कर जमकर पीटा। इसके बाद बारातियों के साथ भी जमकर मारपीट की गई। वहीं, घायलों के अनुसार हमलावरों ने बारातियों में शामिल महिला एवं बच्चों को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। बताया जा रहा है कि सभी हमलावरों के मुंह गमछे से ढंके हुए थे, तो वहीं उनके गले में पीले रंग के गमछे डले थे। बताया जा रहा है कि चोली गांव के रहने वाले ठाकुर समाज के लोग बारात लेकर सजनी पूरा गांव गए थे। जहां उनके साथ हमलावरों ने यह वारदात अंजाम दी है।

**अवैध कॉलोनाईजेशन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नये दिशा-निर्देश जारी ...**

# अवैध कॉलोनी बसाने वालों के साथ अब प्लाट बेचने वालों के विरूद्ध भी होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अवैध कॉलोनाईजेशन पर सख्ती से रोक लगाई जायेगी। अवैध कॉलोनी बसाने वालों के साथ ही अवैध कॉलोनी में प्लाट बेचने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अवैध कॉलोनाईजेशन पर रोक लगाई जाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जिले के सभी एसडीएम और अन्य राजस्व अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये है। कलेक्टर आशीष सिंह ने इन निदेर्शों को कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।**

उक्त दिशा-निदेर्शों की जानकारी देने के लिए कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, रोशन राय, राजेन्द्र सिंह रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि इंदौर जिले में यह सुनिश्चित किया जाये कि कहीं भी अवैध कॉलोनी की बसाहट नहीं हो।

अवैध कॉलोनी बसाने वालों के साथ ही नागरिकों को अवैध प्लाट बेचने वाले ब्रोकरर्स सहित अन्य लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाये। यह ध्यान रखें कि अवैध कॉलोनी में नागरिकों के बसने के पूर्व ही उक्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि कृषि भूमि को छोटे-छोटे प्लाटों के रूप में विक्रय नहीं होने दे। कृषि भूमि के छोटे-छोटे प्लाटों के रूप में विक्रय/नामांतरण पर तत्काल रोक लगाई जाये। प्रायः यह देखा जाता है कि कृषि भू-स्वामियों द्वारा कृषि भूमि को छोटे-छोटे प्लाटों के रूप में विभाजित कर विक्रय कर दिया जाता है। इससे यह प्लाट एक अवैध कॉलोनी के रूप में हो जाते हैं। इससे प्लाट धारकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाती है और बड़ी समस्या सामने आती है। श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि एक एकड़ से कम भूमि का पंजीयन प्लाट के रूप में नहीं किया जाये।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि विकास अनुमति एवं टीएनसीपी अभिन्यास का इन्द्राज खसरों में अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि प्रायः यह देखने में आता है कि जगह-जगह रास्तों में ब्रोकरों आदि द्वारा होर्डिंग/गुमटियां/केनोपी आदि लगाकर आम जनता को भ्रमित करते हुए अवैध प्लाटों का विक्रय किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रवृत्ति पर सख्ती से रोक लगाये। ऐसे लोगों से विकास अनुमति एवं रेरा की अनुमति भी देखे। यह नहीं पाये जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाये। रेरा में पंजीकृत एजेन्ट द्वारा ही कॉलोनियों के प्लाटों के द्वारा ही बुकिंग की जा सकती है। नवीन विकास अनुमतियों में रेरा नियमों एवं ग्राम पंचायत नियम 2014 के प्रावधानों का भी सख्ती से पालन कराया जाये। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि राजस्व अधिकारी यह भी देखे कि किसी भी कॉलोनियों में रास्ते संबंधी विवाद नहीं हो। कॉलोनियों एवं ग्रामीणों के मध्य रास्ते संबंधी विवाद का युक्तियुक्त निपटारा किया जाये। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि टीएण्डसीपी यह सुनिश्चित करें कि विगत तीन वर्षों में स्वीकृत अभिन्यासों की प्रतियां संबंधित तहसीलदारों को उपलब्ध कराये जिससे की इसकी एंट्री खसरा अभिलेखों में की जा सकें।

## निर्वाचन डयुटी में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले मावी का आकस्मिक निधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निर्वाचन ड्यूटी में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं देने वाले महावीर मावी का आज आकस्मिक निधन हो गया। श्री मावी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उनके निधन से कर्मचारी जगत में गहरा शोक व्याप्त है। श्री मावी वाणिज्यिक कर विभाग के कर्मचारी थे। उनकी बेहद कर्मठ, लगनशील, ईमानदार और समर्पण भाव से सेवा देने वाले कर्मचारी के रूप में विशेष पहचान थी। इन्हें गत 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया था। श्री मावी की अल्प आयु में निधन से कर्मचारी जगत गहरा शोक व्याप्त है। वे अनेक कर्मचारी संगठनों से जुडे थे। उनके निधन पर जिला निर्वाचन कार्यालय, संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, वाणिज्यिक कर विभाग आदि के अधिकारी-कर्मचारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी शोक व्यक्त किया है।

## जहाँ रेत खनिज उपलब्ध और खदान के रूप में घोषित नहीं है 15 जुलाई तक खदान घोषित किया जाए

### प्रमुख सचिव खनिज ने कमिश्नर-कलेक्टर्स को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिन क्षेत्रों में रेत खनिज उपलब्ध है और उन्हें अब तक खदान के रूप में घोषित नहीं किया गया है ऐसे सभी क्षेत्रों को 15 जुलाई 2024 तक खदान घोषित किए जाने के निर्देश सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स को दिये गए हैं। प्रमुख सचिव खनिज निकुंज श्रीवास्तव ने गत दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स इस संबंध में निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रमुख सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कलेक्टर्स को अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया है। पानी के भीतर किसी भी प्रकार के उत्खनन (इन-स्ट्रीम माइनिंग) को सख्ती से रोका जाये। साथ ही उपयुक्त स्थानों पर जाँच चौकियों की स्थापना एवं मानसून के दौरान निर्माण कार्यों को जारी रखने के लिये रेत भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने के लिये कहा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि खनिज साधन विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिये खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत खदानों को जियो टैग कर सेटेलाइट इमेजेस एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली खाद्यान्न के क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी।

कटाक्ष




**जिला प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा की गई बड़ी कार्यवाही...**

## बाल श्रम में लगे बच्चों का किया गया रेस्क्यू

इंदौर। जिला प्रशासन के महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग के संयुक्त दल ने आज एक पुनः बड़ी कार्यवाही करते हुए बाल श्रम में लगे बच्चों को रेस्क्यू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग की संयुक्त टीम कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा बनाई गई है। भिक्षावृत्ति उन्मूलन के साथ ही बाल श्रम उन्मूलन का कार्य इंदौर में तेजी पकड़ रहा है। इसी परिपेक्ष में आज मोती तबेला के बैग फैक्ट्री में कार्य करते हुए तीन बच्चों को रेस्क्यू किया गया। फैक्ट्री मालिक पर बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री दिनेश मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी श्री भगवान दास साहू एवं श्री संदेश, श्रम विभाग की श्रेया तथा किशोर पुलिस इकाई से श्री दीपक उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर दूसरों की सेवा का कोई एक प्रकल्प हाथ में लेकर खुशियां फैलाने का भी प्रयास करें

**वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल का 50 से अधिक संगठनों द्वारा स्वागत एवं सम्मान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सेवा के कई रूप होते हैं। अग्रवाल समाज पर सरस्वती के साथ लक्ष्मीजी की भी बड़ी कृपा है। हम सब लोग यदि अपने-अपने जन्मदिन पर दूसरों की सेवा का कोई एक प्रकल्प या काम हाथ में ले सकें तो इससे हमारा जन्मदिन तो सार्थक होगा ही, जरूरतमंद लोगों के जीवन में भी खुशियां आ सकेंगी। किसी के आंसू पोंछने से बड़ा तीर्थ कुछ और नहीं हो सकता। प्रयास यही करें कि हम जब तक जीवित हैं, तब तक दूसरों को बिना कष्ट पहुंचाए उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते रहें।**

प्रदेश में सबसे अधिक आयकर चुकाने और परमार्थ के सेवा कार्यों में सबसे अधिक दान देने का यशस्वी कीर्तिमान रचने वाले वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने रविवार को छावनी स्थित चमेली देवी रेडक्रास ब्लड बैंक पर 50 से अधिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में उक्त विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति की ओर से राजेश बंसल, अरविंद बागड़ी, कुलभूषण मित्तल, विष्णु बिंदल, गोविंद सिंघल, किशोर गोयल, गणेश गोयल, संजय बांकड़ा, नंदकिशोर कंदोई, नवीन बागड़ी, संदीप आटो, शीतल तोड़ीवाला, राधा राजेन्द्र अग्रवाल, प्रज्ञा नीलेश अग्रवाल सहित समाज के 50 से अधिक संगठनों की ओर से उनका स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं समर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन अरविंद बागड़ी ने किया और आभार माना कुलभूषण मित्तल ने।

# अनाज की कालाबाजारी करने वाले तीन कारोबारियों को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अनाज की कालाबाजारी करने वाले तीन कारोबारियों को जेल भेजा गया है। इन्हें छह का कारावास हुआ है। एक फरार कारोबारी भी लिप्त पाया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। ये चारों कारोबारी लम्बे समय से चावल की कालाबाजारी कर रहे थे।**

आरोपी कारोबारियों के नाम सतीश अग्रवाल, रामजी प्रसाद गुप्ता, सक्षम अग्रवाल और अंकित तिवारी शामिल हैं। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सेंट्रल जेल भेजा गया है। आरोपी अंकित तिवारी फरार है जिसकी तलाश की जारी है। खाद्य विभाग द्वारा 8 मई 2024 को इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड़ स्थित गोदाम पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। इसी तरह 15 मई 2024 को नरवल स्थित गोदाम और 16 मई 2024 को रामजी प्रसाद गुप्ता के रामबली नगर स्थित निवास भवन पर छापामार कार्यवाही की गई थी। जांच में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरित किए जाने वाले चावल का अवैध क्रय-विक्रय, भंडारण, परिवहन, बिना किसी वैध अनुमति के व्यापार किए जाने पर इनके खिलाफ बाणगंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विभाग द्वारा पीडीएस चावल के अवैध कारोबार में लिप्त पाए जाने पर सतीश अग्रवाल के विरूद्ध पूर्व में भी तीन केस दर्ज किए गए थे। इसी तरह रामजी प्रसाद गुप्ता, सक्षम अग्रवाल, अंकित तिवारी के खिलाफ चावल के अवैध कारोबार के केस थे। सतीश अग्रवाल, रामजी प्रसाद गुप्ता, सक्षम अग्रवाल, अंकित तिवारी द्वारा फिर ऐसे अपराध किए गए। जिला दंडाधिकारी इंदौर द्वारा सतीश अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, रामजी प्रसाद गुप्ता और अंकित तिवारी के खिलाफ चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की गई है।



## 2 से 3 दिन में पूरी तरह सक्रिय होंगे बरसने वाले बादल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार हमारे यहां बुरहानपुर, खंडवा से होते हुए प्रवेश करेगा। अच्छी बात यह है कि शनिवार को महाराष्ट्र खासकर मुंबई में मानसून सक्रिय हो चुका है। मुंबई में आने का मतलब है कि इंदौर में दो से तीन दिन में बरसने वाले बादल सक्रिय हो जाएंगे। इस बार 20 जून से पहले ही मानसून घोषित होने के पूरे आसार हैं। 1 जून से कुल बारिश का खाता शुरू हो जाता है। अब तक 23.7 मिलीमीटर यानी 1 इंच के करीब पानी बरस चुका है। इस बार मई में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का असर जून के पहले हफ्ते में भी रहा। हफ्ते के ही शुरुआती दो दिनों में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा। फिर पूरे हफ्ते गर्मी और उमस रही। यह हफ्ता पिछले साल की तुलना में ज्यादा असर कारक रहा। पिछले साल पहले हफ्ते में दिन का तापमान औसतन 38 डिग्री सेल्सियस था, जो इस बार 39 डिग्री है। रात का तापमान पिछले साल औसतन 24 डिग्री था। इस बार 26 डिग्री सेल्सियस है। पूरे हफ्ते मौसम का ट्रेण्ड ऐसा रहा कि दिनभर गर्मी, उमस और शाम को बादलों के छाने और बूंदाबांदी, हल्की बारिश का रहा। इस बार 20 जून को मानसून के आगमन के आसार हैं।

# एमटीएच में पानी की किल्लत

इंदौर। एमटीएच में पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं होने ने मरीजों और डॉक्टरों की परेशानियां बढ़ती जा रही है। सोमवार को गुस्साए रिजेडेंट डॉक्टर्स ने डीन ऑफिस पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द पानी उपलब्ध कराने की मांग की। डॉक्टरों का कहना है कि पानी नहीं होने से मरीज, परिजन सहित पूरे स्टाफ की परेशानियां बढ़ती जा रही है। पीने का पानी तो उपलब्ध है लेकिन वॉश बेसिक, वॉश रूम यहां पर्याप्त में पानी उपलब्ध नहीं होता। इससे ऑपरेशन सहित अन्य कामों में भी परेशानी होती है। इससे गंदगी फैल रही है जिससे इन्फेक्शन का खतरा है। डीन डॉ. संजय दीक्षित ने बताया कि अस्पताल परिसर में चार बोरिंग है जो सूख गए हैं। इसके चलते टैंकरों से पानी सप्लाय किया जा रहा था। डॉक्टरों से समस्या जानकर आज से ही टैंकरों की संख्या बढ़ा दी गई है।




बच्चों ने समझा पेड़ों का महत्व, बोले-

# अब इंदौर में पेड़ नहीं कटने देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भीषण गर्मी से परेशान हुए इंदौर में हरियाली लौटाने के लिए अब बच्चे भी आगे आने लगे हैं। बच्चों ने संकल्प लिया है कि वे अब शहर में पेड़ों को कटने नहीं देंगे और प्रकृति की रक्षा के लिए हर स्तर पर प्रयत्न करेंगे।

संस्था अभिश्री फाउंडेशन और बस्ती फाउंडेशन के द्वारा इंदौर की बस्तियों में बच्चों को प्रकृति संरक्षण का महत्व समझाया जा रहा है। इसी कड़ी में लसूड़िया क्षेत्र के रविदास नगर की बस्ती में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। बच्चों को अभिनय, मौज मस्ती और प्यारे संदेशों के माध्यम से बताया गया कि प्रकृति ही हमारे जीवन में सर्वोपरि है। यदि प्रकृति है तो हम हैं। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बस्ती के सैकड़ों बच्चे पहुंचे और उनके माता पिता ने भी इसमें भाग लिया। ध्वनिल संस्था द्वारा आयोजित इस नुक्कड़ नाटक को सागर शेंडे एवं उनकी टीम द्वारा खेला गया। युवाओं की इस टीम ने बस्ती के बच्चों को बताया कि जब यह बड़ी बड़ी बिल्डिंगें, कारखाने, सड़कें नहीं थे तब भी इंसान बहुत खुश था और स्वस्थ था। प्रकृति ही एकमात्र माध्यम थी जो इंसान का भरण पोषण करती थी। आज हम अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं और उसे तहस नहस कर रहे हैं। इससे न सिर्फ मानव जाति बल्कि पूरी सृष्टि खतरे में पड़ गई है। कार्यक्रम में छाया कुशवाह, रिंकू यादव, सारिका, सुहानी, अंकुर अशोक लोकरे और सुरभी लोकरे ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ी जरूरी जानकारियां दी।



## जिझौतिया ब्राह्मण समाज के 100 परिवारों को दिए सामाजिक एकता अवार्ड, वरिष्ठों का भी सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जिझौतिया ब्राह्मण समाज के उन 100 परिवारों का रविवार को अन्नपूर्णा मेनरोड स्थित इम्पीरियल पैलेस गार्डन पर आयोजित एक गरिमामय समारोह में समाज के प्रदेशाध्यक्ष पं. प्रहलाद किशोर मिश्रा के सानिध्य में सामाजिक एकता अवार्ड ‎ 2024 भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाज के 11 अन्य वरिष्ठ समाजसेवी बंधुओं का भी सम्मान किया गया।**

समाज की इंदौर इकाई के अध्यक्ष पं. अरुण तिवारी, मानद सचिव पं. अशोक रिछारिया, कार्यक्रम संयोजक पं. दिनेश पुरोहित ने बताया कि पिछले वर्ष समाज के इन परिवारों ने समाज में नई चेतना का संचार करने के उद्देश्य से संकल्प किया था कि वे सामूहिक शिव अभिषेक, होली मिलन, अन्नकूट महोत्सव एवं अन्य सभी तीज-त्योहार एक साथ मिलकर मनाएंगे और समाज को एकता की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। भोपाल में आयोजित सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन में भी इन समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। समाज की इंदौर इकाई ने इन परिवारों के मुखियाओं को आमंत्रित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इसी तरह समाज के वरिष्ठ पं. के.एन. रावत पं. भूपेन्द्र गौतम (पूर्व संयुक्त संचालक जनसंपर्क), पं. के.क. चतुर्वेदी, पं. चंद्रशेखर कौशिक, पं. टी.डी. चौबे एवं पं. रवीन्द्र तिवारी को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम चूंकि मातृशक्ति समर्पित था, अतः महिलाओं ने भी बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुतियां देकर इस कार्यक्रम को और अधिक दिलचस्प एवं प्रासंगिक बना दिया। महिलाओं की श्रेष्ठ गायन प्रस्तुतियों के आधार पर तीन महिलाओं को भी पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. कनक पटेरिया एवं श्रीमती प्रियंका मिश्रा ने किया। आभार माना पं. रमेश लिटोरिया ने। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख परिवारों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रदेशाध्यक्ष पं. प्रहलाद किशोर मिश्रा के सुझाव पर इस तरह का सम्मान कार्यक्रम प्रतिवर्ष करने का निर्णय भी लिया गया।

## फूटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलेगी विशेष मुहिम

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए फूटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त किया जाये। इसके लिए विशेष मुहिम चलायी जाये। मुहिम के दौरान फूटपाथ पर बोर्ड, सामग्री आदि रखकर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए फूटपाथ को अतिक्रमण मुक्त किया जाये। उन्होने बताया कि इस कार्रवाई के लिए एसडीएम, पुलिस और नगर निगम का संयुक्त विशेष दल बनाया जायेगा। प्रतिदिन कार्रवाई और मॉनिटरिंग के लिए एसडीएम वार जवाबदारी तय की जा रही है।

## विभागीय योजनाओं की संभागीय समीक्षा बैठक कल

**इंदौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में 12 जून 2024 को दोपहर 12 बजे से आयुक्त कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष में आर.ई.एस. की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जायेगा। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण यंत्री तथा ग्रामीण सड़क विकास परियोजना विभाग के मुख्य महाप्रबंधक इंदौर जिला स्तर के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर युवा राजपूत सम्राट सेना

## बड़ी संख्या में पहुंची मुख्य यात्रा में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सेना के गोविंद सिंह सिसोदिया ने बताया की महाराणा प्रताप जीकी 484वी जयंती पर हर साल कुशवाह नगर बाणगंगा क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजन उपसौर्य यात्रा के रूप में निकले और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा बड़े गणपति से राजवाड़ा तक निकलने वाली भव्य सौर्य यात्रा में शामिल हुए। सम्राट सेना संस्थापक राजू सिंह मौर्य द्वारा राजवाड़ा पर मंच लगाकर स्वागत भी किया गया महाराणा प्रताप के गणवेश में विक्रम सिंह डोडिया रहे आकर्षक का केंद्र सेना के अध्यक्ष मैं जानकारी देते हुए बताया की महाराणा प्रताप के शौर्य को याद करते हुए सुबह अनेक सम्राट सैनिकों ने महु नाका स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर पूजन किया इस मौके पर सम्राट सेना संभागीय अध्यक्ष डॉ भरत सिंह राठौड़ ऋषभ संतोष सिंह गौर नारायण सिंह मौर्य उदय सिंह चौहान राकेश सिंह राठौड़ दिलावर सिंह निकुम नारायण सिंह सोलंकी सुनील सिंह मंडलोई मनोज सिंह राठौड़ शिवपाल सिंह निकुम पिंटू सिंह सिसोदिया बंटी सिंह बैरागढ़ बालकृष्ण सगर अजय सिंह सिसोदिया शहित बड़ी संख्या में समाज जन और सम्राट सैनिक उपस्थित थे



# चुनौतियों के बीच बढ़ रहा बाघों का कुनबा

## खिवनी अभयारण्य का दायरा 50 वर्ग किमी बढ़ाने की तैयारी

### चार शावकों सहित आठ बाघों की मौजूदगी खिवनी में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। खिवनी अभयारण्य इन दिनों बाघों के नए घर के रूप में पहचान बना रहा है। 134 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले इस छोटे से अभयारण्य में आठ बाघ और उनके शावक विचरते हैं। बाघों को अब यह घर छोटा लगने लगा है। इस वजह से वह अभयारण्य की सीमा लांघकर रहवासी क्षेत्रों तक भी पहुंच जाते हैं।**

इसको देखते हुए वन विभाग अभयारण्य की सीमा बढ़ाने की कवायद में जुटा है। इसकी सीमा में 50 किलोमीटर का विस्तार करने के साथ ही यहां पर्यटक गतिविधि बढ़ाने के लिए भी नई सुविधाएं जुटाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। केंद्र से मंजूरी मिलते ही यहां काम शुरू कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि खिवनी वन्य प्राणी अभयारण्य अपने बाघों के अलावा 125 से ज्यादा प्रकार के पक्षियों की प्रजातियां हैं। बाघों की बढ़ती गतिविधि के कारण पर्यटकों की संख्या भी यहां बढ़ने लगी है। पिछले वर्ष यहां बाघ युवराज और बाघिन मीरा के चार शावकों ने जन्म लिया था। चारों शावक अब करीब आठ से नौ माह के हो चुके हैं।

युवराज, मीरा और इनके शावकों के अलावा भी यहां दो अन्य बाघ भी हैं। 134 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के हिसाब से बाघों की संख्या अधिक हो चुकी है। अभयारण्य में बाघों के साथ अन्य प्रजातियों के जानवरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अभयारण्य में 50 वर्ग किलोमीटर का इजाफा करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। 1956 में खिवनी अभयारण्य की स्थापना हुई थी।

उसके बाद से यह पहला मौका है जब यहां बाघों की संख्या बढ़ रही है। क्षेत्रफल विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजा खिवनी अभयारण्य के अधीक्षक विकास माहौरे ने बताया कि हमने क्षेत्रफल विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजा है। इसके बाद यहां बाघों के लिए ओर अधिक जंगल आरक्षित हो जाएगा। आसपास के गांवों में रहने वाले आदिवासियों की हस्तकला को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में भी काम हो रहा है।

#### एक नजर में

1 - 8 बाघ और 10 से अधिक तेंदुए।
2 - 125 पक्षियों की प्रजातियां।
3 - 100 से अधिक प्रकार की वनस्पति।
4 - कई प्रकार के सर्प यहां पाए जाते हैं।
5 - काला हिरण, चीतल, सांभर, नील गाय आदि भी बड़ी संख्या में मौजूद।

# देवास नगर निगम में लिफ्ट गिरी

## एमआईसी सदस्य सहित 8 का किया रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** नगर निगम में सोमवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया। निगम की लिफ्ट में कई लोगों के सवार होने के कारण लिफ्ट नीचे गिरने लगी, जो सेफ्टी रोप के चलते दो मंजिलों के बीच फंस गई। काफी देर की मशक्कत के बाद लिफ्ट में फंसे सभी लोगों को निकाला गया। लिफ्ट प्रथम तल से भूतल की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। लिफ्ट में एमआईसी सदस्य मुस्तफा अहमद सहित 8 लोगों को कुछ देर बाद सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

जिस समय हादसा हुआ, उसी समय नगर निगम में विधायक गायत्री राजे पवार बैठक लेने पहुंची थी। इस दौरान महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम आयुक्त रजनीश कसेरा सहित तमाम जिम्मेदार मौजूद थे।

महू में भी हुआ लिफ्ट हादसा- गौरतलब है कि देवास के अलावा महू के एक निजी अस्पताल में भी रविवार देर रात तीसरी मंजिल से लिफ्ट गिर गई थी, जिसके कारण 4 लोग घायल हो गए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, रात 10 बजे यह हादसा हुआ था। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और सभी की हालत ठीक है।

## युवती को घर में घुसकर गोली मारी

**रीवा।** रीवा में सोमवार की शाम एक युवती को घर में घुसकर गोली मार दी गई। जानकारी के मुताबिक युवती के कंधे में गोली लगी है। उसे रीवा के ही संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात शाम करीब 5 बजे की बताई गई है। आरोपी का नाम आदर्श पांडेय निवासी दुआरी बताया जा रहा है। मामला एकतरफा प्यार से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश में 17-18 जून तक मानसून की एंट्री

## छिंदवाड़ा के उमरेठ में तेज बारिश, एक सप्ताह प्री-मानसून की एक्टिविटी रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून 17 से 18 जून तक एंटर होगा। इससे पहले, प्रदेश में प्री-मानसून की एक्टिविटी रहेगी। सोमवार की शाम को छिंदवाड़ा में मौसम बदल गया और जिले के उमरेठ में जमकर बारिश हुई।**

बता दें कि रविवार को धार, रतलाम, छिंदवाड़ा समेत कई शहरों में बारिश हुई तो निवाड़ी, दमोह और छतरपुर गर्म रहे। ऐसा ही मौसम अगले एक सप्ताह बना रहेगा। सोमवार को खंडवा, बुरहानपुर, डिंडोरी में तेज बारिश और आंधी चल सकती है।

सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को मानसून मुंबई में ऑनसेट हो गया। दो दिन बाद अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ब्रांच कमजोर हो जाएगी, जो एक सप्ताह तक ऐसी ही बनी रहेगी। 17 और 18 जून को बंगाल की खाड़ी की ब्रांच एक्टिव होगी। इसके बाद मानसून मध्यप्रदेश में पहुंच सकता है। इससे पहले, मानसून के प्रदेश में आने की उम्मीद कम ही है।

### वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव-

प्रदेश में अभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। रविवार को धार, छिंदवाड़ा, रतलाम समेत कई शहरों में आंधी-बारिश वाला मौसम रहा। दूसरी ओर, प्रदेश के कुछ शहरों में गर्मी का असर भी देखने को मिला।

### दमोह सबसे गर्म रहा-

दमोह सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 44.5 डिग्री रहा। निवाड़ी के पृथ्वीपुर और छतरपुर के बिजावर में टेम्प्रेचर 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के टॉप-10 सबसे गर्म शहरों में टीकमगढ़ में 44 डिग्री, सिंगरौली में 43.8 डिग्री, खजुराहो में 43.6 डिग्री, नौगांव में 43.5 डिग्री, ग्वालियर में 43.4 डिग्री, सतना और रीवा में पारा 42.2 डिग्री दर्ज किया गया।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 40.9 डिग्री, इंदौर में 37.4 डिग्री, जबलपुर में 42.5 डिग्री और उज्जैन में तापमान 39.7 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी में पारा सबसे कम 36.2 डिग्री दर्ज किया गया। मलाजखंड-छिंदवाड़ा में 37 डिग्री और धार में 37.4 डिग्री रहा।

## शिप्रा में पानी कम होने से घाटों पर काई से फिसलन, 5 लोग हुए घायल

**उज्जैन।** शिप्रा नदी के घाटों पर फिसलन से श्रद्धालुजन घायल हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में 25 ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सोमवार को भी 5 लोग को चोटें आई हैं। यह तो गनिमत है कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है,जबकि नगर निगम और पीएचई के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 जून को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार गंगा दशहरा पर्व शिप्रा तट पर मनाया जाएगा,वही बड़ी संख्या में लोग शिप्रा स्नान के लिए भी घाटों पर पहुंचेंगे लेकिन वर्तमान में लोग शिप्रा नहान के दौरान घाट पर फिसलन से घायल हो रहे हैं। शिप्रा नदी में कान्ह का दूषित पानी स्टोर होने की बात कह कर पीएचई ने दो दिनों पूर्व से शिप्रा नदी के बड़े पुल के पास स्थित स्टापडेम व भूखी माता स्टापडेम के गेट खोल कर पानी आगे बहाना शुरू किया।

# कमिश्नर ने चप्पल पहनकर शिवलिंग पर जल चढ़ाया

## हंगामा मचा तो माफी मांगी, बोले-भूल से ऐसा हुआ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन संभाग के कमिश्नर संजय गुप्ता ने चप्पल पहनकर शिवलिंग पर जल अर्पित किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें वे चप्पल पहने हैं जबकि उनके साथ खड़े दूसरे लोग नंगे पैर भगवान शिव का जलाभिषेक करते नजर आ रहे हैं।**

कमिश्नर ने शनिवार को महादेव मंदिर में पूजा की थी। वीडियो सामने आने पर हंगामा हुआ, सोशल मीडिया पर कमिश्नर से माफी मांगने की मांग की गई। इस पर कमिश्नर ने कहा कि उनसे भूल से ऐसा हुआ।

### सफाई अभियान के बाद की थी मंदिर में पूजा

शनिवार को हृाजल गंगा संवर्धनह्ल अभियान के तहत शिप्रा नदी के रामघाट पर साफ-सफाई की गई थी। जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी भी अभियान में शामिल हुए थे। सफाई करने के बाद सभी ने महादेव मंदिर में पूजा की। इसी दौरान कमिश्नर गुप्ता ने चप्पल उतारे बिना ही शिवलिंग पर जल चढ़ाया।

वीडियो में नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक, निगम सभापति कलावती यादव और उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, सभी ने पूजन से पहले ही जूते-चप्पल उतार दिए थे।

### पार्षद ने कहा- ये हिंदू धर्म, संस्कृति का अपमान

बीजेपी पार्षद शिवेंद्र तिवारी ने कहा कि संभाग के सबसे बड़े अधिकारी ने चप्पल पहनकर जल चढ़ाया, ये हिंदू धर्म और संस्कृति का अपमान है। इतने बड़े अधिकारी का ऐसा करना असहनीय है। कमिश्नर को इस बात के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### कमिश्नर गुप्ता बोले- चप्पल तुरंत उतार दी थी

कमिश्नर संजय गुप्ता ने कहा, हृाभूल से ऐसा हो गया था। जैसे ही पता चला तो तुरंत चप्पल उतार दी थी। अगर इससे किसी की भावना आहत हुई है तो माफी मांगता हूं।

# नहीं रहे भोपाल के युवा शायर अभय शुक्ला

## चाहने वालों ने नम आंखों से दी विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। युवा शायर अभय शुक्ला का रविवार रात निधन हो गया। वे 6 मई को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार को भदभदा विश्राम घाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। चाहने वालों ने नम आंखों से विदाई दी।**

अभय ने 5 मई को ही अपना जन्मदिन मनाया था। अगली सुबह 6 मई को अपने घर नेहरू नगर से पीएंडटी चौराहा जाते समय उनकी बाइक ऐसी फिसली कि हेलमेट के बावजूद बस से सिर टकरा गया। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी।

### अब पढ़िए अभय की एक रचना

मैं जैसा हूं मुझे रहने दो, मुझ को ये होने में जमाने लग गए हैं कई बचपन गरीबी खा चुकी है कई बच्चे कमाने लग गए हैं जनाजे देख के औरों के घर के, मुझे कुछ डर सताने लग गए हैं। (सेंट पीटर्सबर्ग, अमेरिका से प्रकाशित द्वैभाषिक पत्रिका सेतु में प्रकाशित अभय की गजल के अंश)

### बेहतरीन शायरी के लिए मिले कई अवॉर्ड

अभय को 20 साल की उम्र में ही मप्र उर्दू अकादमी द्वारा हृातलाश ए जौहरह्ल से नवाजा गया। मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा उन्हें गजल लेखन के लिए हृापुनर्नवा पुरस्कारह्ल दिया गया। कला संस्थान छतनारा की कोर टीम के सबसे युवा सदस्य थे। अभय की परिकल्पना पर ही छतनारा संस्था ने जश्न-ए-बशीर का आयोजन किया था। अभय मंच संचालन के लिए भी जाने जाते थे। विश्वरंग इंटरनेशनल फेस्टिवल के ग्रांड मुशायरे की शुरूआत भी की थी।

## संपादकीय


### आतंकी हमलों पर अंकुश लगाना चुनौती बना

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों पर अंकुश लगाना चुनौती बना हुआ है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद दहशतगर्दी में भारी कमी आई है और आतंकी संगठन कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर जिस तरह आतंकी घात लगा कर हमले कर रहे हैं, उससे इस दावे पर यकीन करना मुश्किल लगता है। आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति बदलते देखे जा रहे हैं। वे कभी सशस्त्र बलों को निशाना बनाते हैं, तो कभी बाहरियों, कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बनाया जाता है। अब वहां जा रहे सैलानियों पर हमले हो रहे हैं। पिछले महीने पहलगाम में सैलानियों पर हमला किया गया था। अब कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया गया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और इकतालीस से अधिक लोग घायल हैं। पर्यटन कश्मीरी लोगों की आजीविका का बड़ा आधार है। इस तरह के हमलों से पर्यटन पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे हमले नब्बे के दशक में बढ़ गए थे, मगर लंबे समय से सैलानियों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। अब ऐसा दिख रहा है तो इसकी वजहें भी साफ हैं। पर्यटकों पर हमले के पीछे आतंकवादी संगठनों का मकसद घाटी में बाहर के लोगों की आवाजाही रोकना होता है। बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हमले करने के पीछे भी उनका मकसद यही है। मगर अब जिस तरह बड़ी संख्या में सैलानियों और श्रद्धालुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उससे जाहिर है कि आतंकी लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं। मगर इसे लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दिख रही है, तो हैरानी की बात है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। पिछले दस वर्षों में बेशक पत्थरबाजी और आंदोलन वगैरह की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या भी घटी है, मगर हकीकत यही है कि दहशतगर्दी किसी भी रूप में कम नहीं हुई है। दस वर्ष पहले और बाद के आंकड़ों की तुलना से साफ पता चलता है कि आतंकी हमले बढ़े हैं। इस दौरान बेशक बड़ी तादाद में आतंकवादी मारे गए हैं, मगर दहशतगर्दों की भर्ती में भी तेजी आई है। उन्हें स्थानीय लोगों का समर्थन बढ़ा है। इसलिए यह स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि जब सीमा पर चौकसी बढ़ी है, तलाशी अभियान तेज हुए हैं, दहशतगर्दों की वित्तीय मदद पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, तो उन्हें भर्तियां करने और साजो-सामान जुटाने में कामयाबी कैसे मिल जा रही है। पिछले दस वर्षों में जिस तरह सुरक्षाकर्मियों, सैलानियों, श्रद्धालुओं और बाहर से मजदूरी वगैरह करने गए लोगों को निशाना बना कर हत्याएं की गई हैं, उससे यह सवाल निरंतर गाढ़ा होता गया है कि आखिर यह सिलसिला कब रुकेगा। राष्ट्रीय जांच एजंसी की रपट के मुताबिक ऐसे हमलों में पाकिस्तान के प्रशिक्षत दहशतगर्दों का हाथ होता है, स्थानीय लोग उन्हें सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*कैसी बिपता पाल रखी है*
*कुर्बत की और दूरी की*
*खुशबू मार रही है मुझ को*
*अपनी ही कस्तूरी की*

-नईम सरमद




भक्ति एक भावना के रूप में शुरू होती है, लेकिन वहीं पर खत्म नहीं होती। आखिरकार, भक्ति का परिणाम विसर्जन होता है।

- जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# वजन कम करना चाहते हैं लेकिन बार-बार लग रही भूख से परेशान तो आयुर्वेद के इस ड्रिंक से मिलेगी राहत



**बार-बार भूख लगना मोटे लोगों की समस्या है। जिससे निपटना काफी मुश्किल होता है। क्योंकि यहीं से मोटापे की जड़ जुड़ी होती है। खाना खाने के बाद भी भूख लगना, खाने के एक दो घंटे बाद से भूख लगना और फिर अनहेल्दी फूड खाना। जरूरत से ज्यादा यानी ओवरईटिंग मोटापे की वजह बनती है। अगर आप बार-बार लगने वाली भूख को खत्म करना चाहते हैं और ओवरईटिंग से बचना चाहते हैं तो आयुर्वेद में बताए इस ड्रिंक को पिएं।**

### चावल के माड़ से भूख लगेगी कम

**बार-बार भूख लगने की समस्या रहती है तो अनहेल्दी चीजों को खाने की बजाय चावल का माड़ पिएं। इस चावल के माड़ में भुना जीरा पाउडर और सेंधा नमक मिला लें। ये सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है।**

### चावल का मांड पीने के फायदे

#### एनर्जी बूस्ट करता है

चावल का मांड पीने से एनर्जी मिलती है। इसमे न्यूट्रिशन की मात्रा ज्यादा होती है। साथ ही कार्ब्स होते हैं जो आपको एनर्जी देने में मदद करता है।

#### डाइजेशन में मदद

कब्ज की समस्या रहती है या फिर पेट में गैस बनती है, लूज मोशन होता है। चावल का मांड सारी तरह की समस्याओं के लिए अच्छा है। लूज मोशन होने पर ये एनर्जी देता है। वहीं पेट में बन रही गैस को खत्म करता है।

#### स्किन के लिए अच्छा

स्किन पर लगाने के साथ ही चावल का मांड पीने से स्किन को हाइड्रेशन मिलता है और स्किन ग्लो करती है।

#### कैसे बनाएं चावल का मांड

चावल का मांड बनाने के लिए चावल को अच्छी तरह से धोकर पानी में पकाएं। जब चावल पक जाए तो बचे हुए पानी को छानकर निकाल लें। ये पानी पोषण से भरपूर रहता है।

New Delhi

# बिहार को 14000 करोड़... तो आंध्र को 5000Cr, जानें कैबिनेट गठन के बाद बंगाल-UP और MP को कितना पैसा मिला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व सरकार बनी है और सोमवार को कैबिनेट गठन हुआ और सभी को उनके मंत्रिमंडल बांट दिए गए. फाइनेंस मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी एक बार फिर निर्मला सीतारमण को दी गई है. विभागों के बंटवारे के तुरंत बाद वित्त मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्यों को 1,39,750 करोड़ रुपये का टैक्स डिवोल्यूशन जारी करने की हरी झंडी दिखाई. इसके तहत सबसे ज्यादा पैसा उत्तर प्रदेश को दिया गया है.

पीटीआई के मुताबिक, जहां केंद्र सरकार की तरफ से किए गए इस आवंटन में सबसे ऊपर योगी आदित्यनाथ की सरकार वाले उत्तर प्रदेश को किया गया है, केंद्र



की ओर से यूपी को 25,069.88 करोड़ रुपये दिए हैं. तो वहीं गठबंधन के मजबूत सहयोगी नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला बिहार दूसरे नंबर पर है. वित्त मंत्रालय ने बिहार के लिए 14,056.12 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं. इस लिस्ट में सबसे ज्यादा पैसा पाने वाला तीसरा राज्य मध्यप्रदेश है और इसके लिए 10,970.44 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं.

गौरतलब है कि अंतरिम बजट 2024-25 में राज्यों को कर हस्तांतरण के लिए 12,19,783 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. राज्यों को टैक्स डिवोल्यूशन जारी करते हुए वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जून 2024 के लिए डिवोल्यूशन राशि की नियमित रिलीज के अलावा एक अतिरिक्त इंस्टॉलमेंट जारी होगी.

Bihar

## लव अफेयर में रोड़ा बन रही थी पत्नी, पति ने टुकड़े-टुकड़े कर जमीन में गाड़ा



**बिहार शरीफ, (एजेंसी)** बिहार के नालंदा में दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जब साली के प्यार में पागल पति ने पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। लव अफेयर में रोड़ा बन रही पत्नी की हत्या के बाद उसके टुकड़े-टुकड़े करके जमीन में दफना दिए। दो महीने पहले ही मृतका की शादी हुई थी।दीपनगर थाना क्षेत्र के गोइठवा नदी के पास से सोमवार की सुबह पुलिस ने जमीन खोदकर महिला का नरकंकाल निकाला।

आरोपी ने महिला के शव के दर्जनों टुकड़े कर दिये गये थे। उसके बाद पेट्रोल व नमक डालकर उसे जमीन में दफना दिया। शरीर पर मांस का एक टुकड़ा भी नहीं बचा है। परिजन गड्ढे में मिली बेडशीट व दुपट्टे से उसकी पहचान करने का दावा कर रहे हैं। चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट की पत्नी अनरिका देवी के रूप में पहचान करने का दावा किया जा रहा है। उसकी शादी दो महीने पहले हुई थी।

मायके वालों का आरोप है कि वह सात दिनों से गायब थी। परिजन प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना भी गये थे। हालांकि, खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी। घटना के बाद गुस्साये मायके के लोगों ने ससुराल वालों को जमकर पीट दिया। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है।अनरिका के भाई सरमेरा थाना क्षेत्र के गौसनगर गांव निवासी संजय केवट ने बताया कि तीन जून की सुबह बहनोई ने फोन कर पूछा कि वह मायके गयी है। उसके नहीं कहने पर कहा कि वह भाग गयी है।

Paschim Bangal

## प्राइवेट लॉ कॉलेज में 'हिजाब' पहनने से रोके जाने पर महिला टीचर ने दिया इस्तीफा, मचा बवाल

**कोलकाता, (एजेंसी)** कोलकाता में एक प्राइवेट लॉ कॉलेज में हिजाब पहने जाने से रोकने पर एक महिला टीचर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और क्लास लेना भी बंद कर दिया. यह कॉलेज कलकत्ता यूनिवर्सिटी से संबद्ध है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक जैसे ही यह मामला सामने आया कॉलेज में हंगामा मच गया. इसके बाद कॉलेज अधिकारियों ने दावा किया मिस कम्यूनिकेशन की वजह से ऐसा हुआ था. कॉलेज की तरफ से कहा गया है कि अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद महिला टीचर 11 जून से वापस क्लास लेने लगेंगी. बता दें कि पिछले तीन सालों से एलजेडी लॉ कॉलेज में शिक्षिका रहीं संजीदा कादर ने हिजाब पहनने से रोके जाने पर 5 जून को इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने कहा था कि कॉलेज अधिकारियों ने उन्हें 31 मई के बाद कॉलेज में हिजाब न पहनने का निर्देश दिया था. उन्होंने कहा, 'कॉलेज गवर्निंग बॉडी के आदेश से मेरे मूल्यों और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है.' संजीदा कादर मार्च-अप्रैल से कार्यस्थल पर हेडस्कार्फ पहन रही थीं और पिछले सप्ताह उनके हिजाब पहनने की वजह से यह विवाद हुआ था.

Uttarpradesh

## चार यूट्यूबर और बर्थडे सेलिब्रेशन... एक झटके में ऐसे खत्म हो गई चारों की जिंदगी

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में चार यूट्यूबर्स की सड़क हादसे में मौत के बाद उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है. आस-पास के इलाकों में इन यूट्यूबर्स के बारे में चर्चा हो रही है. जिस समय ये हादसा हुआ था, यूट्यूबर्स अमरोहा के गजरौला से बर्थडे सेलिब्रेशन कर वापस बुलंदशहर लौट रहे थे.



जिन यूट्यूबर्स की इस हादसे में मौत हुई है, उनकी पहचान लकी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज के रूप में हुई है. ये चारों युवक मिलकर राउंड 2 वर्ल्ड चैनल चलाते थे और कॉमेडी कॉन्टेंट तैयार करते थे. सोशल मीडिया पर इनके अच्छी तादाद में सब्सक्राइबर्स और फॉलोअर्स थे.जहां यूट्यूब पर दो मिलियन (20 लाख) से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं, वहीं इंस्टाग्राम पर 80 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. इसके अलावा फेसबुक पर भी करीब दो लाख फॉलोअर्स हैं. पुलिस के मुताबिक, जब ये चारों युवक बर्थडे सेलिब्रेशन से लौटकर घर जा रहे थे, तभी उनकी मारुति सुजुकी अर्टिगा कार सामने से आ रही महिंद्रा की बोलेरो कार से टकरा गई. इसमें मौके पर ही चारों युवक की मौत हो गई, जबकि बोलेरो में सवार छह युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद तुरंत घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई और एम्बुलेंस की व्यवस्था कर गंभीर रूप से घायल यूट्यूबर्स को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

खेल

# गुलवीर सिंह ने पोर्टलैंड प्रतियोगिता में 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**पोर्टलैंड (अमेरिका), (एजेंसी) एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने यहां 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफोरमेंस' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर पुरुषों की 5,000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।**

'पॉल बंटा मेमोरियल रेस' में हिस्सा लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 वर्षीय एथलीट गुलवीर ने 13:18.92 सेकेंड का समय निकाला जो अविनाश साबले के पिछले साल लास एंजिल्स में बनाये गये 13:19.30 सेकेंड के समय के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा।



अब गुलवीर के नाम 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल हांगझोउ एशियाड में 28.17.21 सेकेंड के समय से 10,000 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था।अमेरिका के डिलन जैकब्स ने 13:18.18 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता।

भारत के कार्तिक कुमार (13:41.07) 17वें स्थान पर रहे जबकि साबले (13:20.37) रेस पूरी नहीं कर सके। पुरुषों की 5,000 मीटर हाई परफोरमेंस स्पर्धा में अभिषेक पाल 13:41.57 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहे।

'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल' अमेरिका की प्रमुख ट्रैक प्रतियोगिताओं में से एक है जिसमें कई ओलंपिक चैम्पियन, विश्व रिकॉर्डधारी, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और ओलंपियन हिस्सा लेते हैं।

सिनेमा

# अक्षय कुमार की 742 करोड़ की नेटवर्थ ने फैंस को किया हैरान



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने बॉलीवुड में फर्श से अर्श तक का सफ़र तय किया है। आज उनकी गिनती सबसे महंगे एक्टर में होती है।इनकी एक फिल्म की फीस हैरान कर देगी। एक्टर सबसे ज्यादा टैक्स भरने वालों की लिस्ट में टॉप पर हैं। खिलाड़ी कुमार इतना टैक्स भर देते हैं कि कई बार खुद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने एक्टर को सर्टिफिकेट दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं फिल्मों, विज्ञापनों और इंवेस्टमेंट्स से अक्षय सालाना कितनी कमाई कर लेते हैं? चलिए हम आपको बताते हैं। अक्षय कुमार ने 1991 में आई फिल्म सौगंध से बॉलीवुड में कदम रखा था। इन करीब 33 सालों में एक्टर ने 100 से ज्यादा फिल्में की हैं। इन्हीं फिल्मों की वजह से एक्टर आज इंडस्ट्री में खांस और परिवारवाद के बीच अपनी अलग पहचान बना पाए हैं। लाइफस्टाइल एशिया के मुताबिक अक्षय कुमार की टोटल नेटवर्थ लगभग 742 करोड़ रुपये है। एक्टर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में गिने जाते हैं जो एक फिल्म के 135 करोड़ रुपये फीस लेते हैं।अक्षय कुमार सिर्फ फिल्मों से कमाई नहीं करते हैं। उनके पास कमाई करने के लिए ब्रांड इंडोर्समेंट भी हैं। एक्टर एक साल में 4 से 5 फिल्में रिलीज करते हैं। इसके अलावा कई ब्रांड उनके पास हैं। हर ब्रांड से उन्हें 6 करोड़ तक की कमाई होती है। इसके अलावा एक्टर के पास हरी

## Highlights

1. **We're still part of NDA: Ajit Pawar as NCP fails to get Cabinet berth**
2. **Pic shows 500-yr-old stolen idol to be returned to India by UK**
3. **Mansukh Mandaviya succeeds Anurag Thakur as Sports Minister**
4. **Reports claiming Uttar Pradesh implemented 'Two-Child Policy' fake**
5. **I'll not humiliate myself by contesting J&K Assembly polls: Omar**

# IndiGo shares tank 4% on block deal, Rahul Bhatia family likely seller



**NEW DElHI, (Agency).** Shares of InterGlobe Aviation dipped 4 per cent after a block deal involving 83.7 lakh shares- 2.2 percent stake in the company- took place on the exchanges. The block deal was executed at an average price of ₹4,406 apiece and was worth a total of ₹3,689 crore, Moneycontrol reported.

Although, parties involved in the transaction were not identified, the report added that the holding company of Rahul Bhatia family, InterGlobe Enterprises Private, was looking to cut around 2 percent stake worth $394 million in the carrier via block deal.

Rahul Bhatia and his family members are promoters of InterGlobe Aviation. They hold a 37.75 per cent stake in the carrier through their holding company InterGlobe Enterprises.

"This is the first time in many years that he is looking to unlock value and pocket some returns," the outlet reported citing a source in the know.

As of 9.24 am today, over 9.98 lakh equity shares of IndiGo, amounting to ₹3,493.41 crore were traded on BSE and more than 16.57 lakh equity shares worth more than ₹733.94 crore exchange hands on the National Stock Exchange (NSE).

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# OpenAI CEO Sam Altman on Apple-ChatGPT integration: 'Very happy to partner with Apple'

**NEW DElHI, (Agency).** OpenAI CEO Sam Altman reacted to the integration of ChatGPT into Apple devices which is expected later this year. Following this, ChatGPT will become accessible on Apple devices, Craig Federighi, Apple's Senior Vice President of Software Engineering, confirmed at the WWDC 2024. Moreover, ChatGPT will be integrated with virtual assistant Siri to help it gather context and provide relevant output. Apple said that Siri will be able to cross-refer from different apps to get more personalised information about user's request.



In his tweet, Sam Altman reflected on Apple-OpenAI partnership and said, "Very happy to be partnering with Apple to integrate ChatGPT into their devices later this year! Think you will really like it."

Will ChatGPT be available to Apple users for free?

Yes, Apple confirmed that users will be able to access ChatGPT for free without creating an account. The company also said that their requests and information will not be logged and paid users of ChatGPT will also have access to these features which they can link their paid accounts to get all the premium features.

# ट्रेक्टर की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

## दोनों घर जाते समय हुए हादसे का शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सांवेर रोड़ पर दो दोस्तो की हादसे में मौत हो गई। दोनो फैक्ट्री से काम निपटकर अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी उन्हें एक ट्रेक्टर ने चपेट में ले लिया।**

बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना वैष्णव इंजीनियरिंग कॉलेज के पास की है। यहां पर प्रदीप पिता दशरथ और उनके साथ गब्बर पिता धीरज सिंह निवासी मालवीय नगर को एक ट्रेक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनो विदिशा के रहने वाले थे। इंदौर में सांवेर रोड़ पर एक रॉड बनाने की फैक्ट्री में काम करते थे। पुलिस ने ट्रेक्टर जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

इसी प्रकार चंदन नगर इलाके में सडक पार कर रहे एक मजदूर की हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। चदंन नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना नावदा पंथ की है। यहां अजेन्द्र पिता कैलाश चौहान सडक पार कर रहा था। इस दौरान उसे वाहन रौदकर चले गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

**ट्रेन की चपेट में आया युवक-** उधर, घर से झगड़ा कर निकला श स ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूरज नगर के रहने वाले नैनीचंद पिता रामचंद्र को घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उसका मां से विवाद हुआ तो वह घर से निकल गया था। इसके बाद उसके घरवालों को सूचना मिली कि पालिया स्टेशन के पास वह घायल पड़ा है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाए तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कनाडिया पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करो को गिर तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।**

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में जोन-2 में नशे के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार पेडलरों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए जोन के सभी एसीपी को डीसीपी स त निर्देश पहले ही दे चुके हैं। एसीपी कुंदन मंडलोई के अंतर्गत आने वाले थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पैडलर सक्रिय हैं। हालांकि इन्हें निशतनाबूत करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसीपी मंडलोई के नेतृत्व में अब तक खजराना और तिलकनगर क्षेत्र से एक दर्जन से अधिक पैड़लरो और नशेडियों को हाल में पकडकर कार्रवाई की गई है। अब एसीपी कनाडिया थाना क्षेत्र को टारगेट कर रहे हैं। इसी कड़ी में एसीपी को सूचना मिली थी कि दो तस्कर खाली मैदान में ब्राउन शुगर की डिलेवरी देने के लिए ग्राहक ढूंढ रहे हैं। इस पर उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी केपी यादव को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीआई अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और वंहा से दीपक पिता भीमा राठौर और जगदीश उर्फ पंडित बकौरिया को गिर तार कर उनके कब्जे से सात ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। दोनों बदमाशों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# डीसीपी ने लगाया जनता दरबार

## शिकायतों का किया त्वरित निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **डीसीपी जोन-2 ने लसूडिया थाने में पहुंचकर जनता दरबार लगाया। दरबार में खाशकर डीसीपी ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वाले आवेदकों से चर्चा की और उनकी समस्या सुनकर उसका त्वरित निराकरण कराया। साथ ही इस दौरान थाने में अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वाले पीड़ितों से भी उन्होंने चर्चा की। इस दौरान डीसीपी ने टीआई को स त निर्देश दिए कि थाने में शिकायत लेकर पहुंचने वाले लोगों की त्वरित सुनवाई की जाए ताकि जनता के मन में पुलिस की सकारात्मक सोच बने।**

डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा ने लसूडिया थाने में शिकायतों का निराकरण करने के लिए शिविर लगवाया था। इसमें उनके साथ एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और विजयनगर एसीपी(आईपीएस) कृष्णलाल चंदानी ने भी शिरकत की। डीसीपी ने पूर्व लंबित शिकायतों एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के आवेदकों से स्वंय चर्चा की तथा शिकायतों का निराकरण किया। जनता दरबार में डीसीपी ने करीब 40 शिकायतकर्ता की समस्याएं सुनी और इसमें से कुछ का हाथों हाथ निराकरण भी कर दिया वहीं शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निपटान किए जाने के अधिनस्थ अफसरों को दिशा निर्देश दिए।

## किशोरी से अश्लील हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनाडिया इलाके में दुकान से दूध लेकर घर लौट रही किशोरी के साथ आटो रिक्शा चालक और साथियों ने छेड़छाड़ और अश्लील हरकत कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। थाना कनाडिया पुलिस के मुताबिक छेड़छाड़ की वारदात बिचौली मर्दाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने 1& वर्षीय पीडिता की शिकायत पर आरोपी विकास,विशाल और रवि के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी और लैंगिग अपराधों में केस दर्ज कर कार्रवाई की है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि तीनों आरोपी रास्ते में एक किराना दुकान के पास आटो रिक्शा में मौजूद थे। मुझे देखते ही तीनों आटो रिक्शा से उतरे और मेरे साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर वहीं से भाग गए।

## शराब के नशे में महिला से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा इलाके में शराबी आरोपियों ने एक महिला को गालियां दी और मारपीट कर दी। बाद में उसके घर के दरवाजे पर पथराव भी कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना सेक्टर ई रस्सी मैदान में हुई। पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी शिवा,राहुल और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में रहने वाले आरोपी शराब के नशे में बैठे थे। मैं जब रस्सी पर टंगे कपड़े उठाने गई तो मुझे देखकर गालियां दी। विरोध करने पर मेरा हाथ मरोड़ दिया। इसके बाद मेरे घर के सामने आकर गालियां दी। दरवाजा बंद कर लेने पर आरोपियों ने दरवाजे पर भी पत्थर मारे।

# एटीएम कंटिंग करने वाला गिरोह पकड़ाया

## वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने एटीएम कटिंग करने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के लोग आधी रात को एटीएम में कटिंग कर रहे थे इस दौरान गश्त के रहे पुलिसकर्मी दबे पांव उनके बीच पहुंचे और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गैस कटर,गैस सिलेंडर एवं अन्य औजार व घटना में प्रयुक्त बलेनो कार जब्त की है। डीसीपी पकंज पाडंडे ने बताया कि बाणगंगा थाना क्षेत्र में एटीएम कटिंग की घटनाएं सामने आने के बाद गिरोह को पकडऩे के लिए उन्होंने एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा को निर्देशित किया था। इस पर एडिशनल डीसीपी मिश्रा ने बाणगंगा थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया को उचित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए जंहा चोरी जैसी वारदातें अधिक हो रही हैं वंहा गश्त बढाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद थाना प्रभारी भदौरिया ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढा दी थी और इसका फायदा भी पुलिस को मिला। बाणगंगा के जवान रविवार सोमवार की दरमियानी रात पेट्रोलिंग कर रहे थे इस दौरान उन्होंने एटीएम कटिंग करने वाली गैंग को पकडा। थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया ने बताया कि 6 जून को थाना क्षेत्र में बदमाशों ने बैंक आफ बड़ोदा के एटीएम में कटिंग कर रूपए चोरी करने का प्रयास किया था। इस पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज किया गया था। घटना करने गैंग के सदस्य बिना नंबर की बलेनो कार से आए थे। इस पर पुलिस ने उ त कार की तलाश शुरू की। 9 जून की आधी रात को गश्त कर रही टीम को उक्त कार टोल टैक्स के आगे दिखी जिसाक पीछा कर सुबह एटीएं कटिंग करने वाली गैंग को पकड़ लिया। गिर त में आए बदमाशों के नाम अखिलेश निवासी सुंदर नगर, विशाल वर्मा निवासी सुंदर नगर, विनोद सूर्यवंशी निवासी भीलखेड़ा शुजालपुर,करण पाल निवासी यादव नगर और राहुल सोनकर निवासी पारसी मोहल्ला है।

## पुलिस ने वापस करवाए ठगी के 70 हजार

इंदौर। क्रेडिट कार्ड से हुई आनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आवेदक के करीब 70 हजार रूपए वापस करवा दिए। थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी के मुताबिक गत एक मई को आवेदक अमित प्रसाद ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदक के साथ क्रेडिट कार्ड से 70 हजार रूपए की आनलाइन ठगी हो गई थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक